सारी सतियो में मैया तू सरताज है

सारी सतियो में मैया तू सरताज है,
सभी देवी देवता करते तुझपे नाज है,
तेरे हाथो में हम भगतो की लाज है,
माँ लाज है माँ लाज है,
सारी सतियो में मैया तू सरताज है,

है अमर सुहागन मैया कलयुग की तू महारानी,
हर होठ पे तेरी चर्चा हर जुबा पे तेरी कहानी,
तेरी जय हो माँ हर भगतो की आवाज है,
सारी सतियो में मैया तू सरताज है,

अगर तेरी दया हो माया मिटी सोहना बन जाती,
तू हाथ फिर दे जिस पे उसकी चांदी हो जाती,
तीनो लोको में मैया तेरा राज है,
सारी सतियो में मैया तू सरताज है,

यहाँ देखु नजारे हटा के बस तुम ही तुम ही हो मैया,
हर शह में वास तुम्हारा कण कण में तुम हो मैया,
कहे श्याम तेरा सब से न्यारा अंदाज है
सारी सतियो में मैया तू सरताज है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8041/title/saari-satiyo-me-maiya-tu-sartaaj-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |